an>

Title: Regarding making Pimpri Chichwad city as Smart City.

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल):** माननीय, सभापति महोदय, जैसा कि आप जानते हैं कि देश भर में सौ शहरों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करना माननीय प्रधान मंत्री जी का लक्ष्य है और यह स्वाभाविक है कि प्रत्येक राज्य अपने शहर को एक स्मार्ट सिटी के रूप में देखना चाहता है।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पिंपरी चिंचवड़ शहर आता है, जिसकी आबादी लगभ 20 लाख से ज्यादा है, यहां पर स्कूल, अस्पताल, विज्ञान केंद्र, ऑडिटोरियम तथा ऑटो कलस्टर, बीआरटी बस सेवा सुविधा है। इसके साथ ही साथ यहां पर दो आईटी पार्क भी हैं, जिसमें टाटा मोटर्स, बजाज, अन्य छोटी-मोटी दो सौ से ज्यादा कंपनियों के साथ-साथ विप्रो, इंफोसिस, टीसीएस, आईबीएम, साइनटेल जैसी बड़ी-बड़ी कंपनियों के ऑफिस हैं और पिंपरी चिंचवड़ भारत के बिगेस्ट कॉर्पोरेशन में से एक बेहतरीन कॉर्पोरेशन भी है और यह शहर स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किए जाने हेतु सभी मापदंडों को पूरा करता है।

वर्तमान में महाराÂट्र सरकार ने पंपरी चिंचवड़ शहर को पुणे शहर के साथ जोड़ कर स्मार्ट सिटी बनाए जाने का प्रस्ताव किया है, जबकि पिंपरी चिंचवड़ शहर पुणे से अलग शहर है और जवाहर लाल नेहरू शहरी पुनर्निर्माण योजना के तहत एक अलग सिटी के रूप में विकसित हुआ है।

अतः आपके माध्यम से मैं सरकार से मांग करता हूँ कि पिंपरी चिंचवड़ शहर को स्मार्ट सिटी योजना के फेज 1 के अंतर्गत पृथक रूप से स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए इसको अलग से दर्जा मिले।

HON. CHAIRPERSON: Shri Arvind Sawant and Shri Rahul Ramesh Shewale are permitted to associate with the issue raised by Shri Shrirang Appa Barne.